(b) Agriculture Minister felt deeply concerned about the extent of damage in various sectors due to the heavy rains and floods and announced immediate advance release of Rs. 55.24 crores, representing the second and third instalments of Central share of Calamity Relief Fund for 1997-98. This was released on 1st July, 1997. The first instalment of CRF amounting to Rs. 27.62 crores had already been released to the State Government on 1.4.1997.

(c) A memorandum was received from the State Government indicating damage to the extent of Rs. 664.33 crores in various sectors and seeking additional financial assistance from the National fund for Calamity Relief (NFCR) for relief and rehabilitation measures in the affected areas. After considering the report of a Central team which visited the affected areas, the Naitonal Calamity Relief Committee have decided to provide an additional financial assistance of Rs. 86.90 crores from the NFCR.

**कच्छ तथा बनासकांठा जिलों से पलायन**

1869. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कच्छ तथा बनासकांठा जिलों में इस समय सूखे और अकाल के कारण, इन जिलों के ग्रामीण तथा दूर-दराज क्षेत्रों से लोगों के पलायन करने की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि पलायन करने वालों में महिलाओं का अनुपात अधिक है;

(घ) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई अध्ययन किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० एस.वेणुगोपालाचारी):** (क) और (ख) गुजरात सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार कच्छ और बनासकांठा जिलों में सूखे के कारण पलायन का कोई मामला जानकारी में नहीं आया है।

(ग) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

**Per capita consumption of pulses as per FAO standard**

1870. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the existing availability of pulses per capita and how does it compare with the minimum requirement according to FAO;

(b) to what extent the gap in the availability of pulses per capita is likely to widen by 2000AD keeping in view and annual rise in country's population and domestic consumption of pulses; and

(c) the strategy, if any, formulated by Government to meet the situation and to make available per capita requirement of pulses in accordance with the FAO standard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (DR. S. VENUGOPALACHARI): (a) The per capita availability of pulses in the country for the last three years has provisionally been estimated as under:

| Year | Per capita availability (kg./year) |
|---|---|
| 1995 | 13.9 |
| 1996 | 12.8 |
| 1997 | 13.7 |

As per the recommended nutritional standards of the Indian Council of Medical Research (ICMR), the requirement of pulses for low cost balanced diet in respect of a sedentary man is 40 gms/day which works out to 14.60 kg./year. The information on norms regarding minimum requirement of pulses, if any, laid down by the FAO is being collected and will be placed on the Table of the House.

(b) It is difficult to estimate the exact requirement of pulses over a period of time as the demand would depend on various factors such as level of production, availability of other substitutes, incomes, population and food habits, etc. However, according to the working Group Report on Demand and Supply Projections of Agriculture Commodities and Improvement of Agricultural Statistics for the formulation of Ninth Five Year Plan on the production requirement of pulses for 2001-02 works out to 19.50 million tonnes based on GDP growth rate of 7% and 17.20 million tonnes based on the normative requirement as recommended by National Institute of Nutrition, Hyderabad. The most likely supply projection of pulses for 2001-02 has been indicated as 17.50 million tonnes.

(c) For increasing the production of pulses in the country, a Centrally Sponsored National Pulses Development Project (NPDP) is being implemented in 26 states/UTs. Through this, scheme, emphasis is being given on increasing the productivity levels of pulses by propogating the adoption of improved production technology and also the area expansion by intercropping and sequence cropping.

## कृषि उत्पादों पर रासायनिक उर्वरकों का प्रतिकूल प्रभाव

1871. **श्री अजीत जोगी:**
**श्री मूलचन्द मीणा:**

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने कृषि उत्पादन पर रासायनिक उर्वरकों के प्रतिकूल प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने इस संबंध में कोई सुधारात्मक उपायों का सुझाव दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार भूमिगत जल तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु किसी परामर्शदात्री निकाय का गठन करने का विचार रखती है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० एस० वेणुगोपालाचारी):** (क) जी, हां।

(ख) विभिन्न फसलों पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा किसानों के खेत में किए गए कई परीक्षणों से यह स्पष्ट रूप से मालूम हुआ है कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग से मृदा तथा फसल पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। तथापि यदि सभी पोषक तत्वों के संतुलन का बिना ध्यान रखे उर्वरक का लगातार उपयोग किया जाए तो मृदा तथा फसल पर इसका प्रतिकूल प्रभाव देखा जा सकता है जो मृदा और फसल की स्थितियों पर निर्भर करता है।

(ग) जी, हां।

(घ) देश के विभिन्न कृषि परिस्थितिकी क्षेत्रों में फसल उत्पादन के लिए एक मुश्त क्रियाएं राज्य प्रायोजित प्रायोजनाओं के अतिरिक्त भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से सहायता प्राप्त प्रायोजनाओं से प्राप्त अनुसंधान परिणामों पर आधारित होती हैं। इन एक मुश्त क्रियाओं के जरिए, किसानों के लिए विभिन्न मृदाओं तथा फसलों हेतु उर्वरको की उपयुक्त मात्राओं की सिफारिश की जाती है।

(ङ) जी, नहीं। चूंकि हमने कृषि क्षेत्रों में उर्वरकों का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पाया है, इसलिए इस प्रकार का प्रस्ताव तैयार नहीं किया जा रहा है।

(च) लागू नहीं होता।

## Benefits meant for Indian farmers go to Bangladesh

1872. DR. D. VENKATESHWAR RAO: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether his attention has been drawn to the news item captioned "benefits meant for Indian farmers go to Bangladesh" appeared in the Indian Express, dated 15th May, 1997;

(b) if so, the facts thereof; and